Poems

Poet: *BK Mukesh*

मेरा प्यारा शिव भगवान

वो कौन है जो मुझे पुजारी से पूज्य बनाता
वो कौन है जो मेरी हर बिगड़ी बात बनाता

हम सबके लिए जो पतित दुनिया में आता
सौगात स्वरूप वो स्वर्ग हथेली पर ले आता

डूबती हुई जीवन नैया को पार वही लगाता
मुक्ति और जीवनमुक्ति का राज हमें बताता

निर्विकारी बनाकर काल के पंजे से छुड़ाता
अशरीरी बनाकर मुझे घर की और उड़ाता

नजर नहीं आता वो फिर भी बहुत लुभाता
हम पर इतना प्यार उसे न जाने क्यों आता

मीठी बातें सुनाकर वो जाने कहाँ छुप जाता
जब टटोलूं मेरा मन तो वहीं बैठा मिल जाता

मैं तो उसके बारे में था बिलकुल ही अनजान
अब जाना उसको वो है प्यारा शिव भगवान ||

" ॐ शांति "